श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 169, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण | प्रयागराज | रविवार, 24 जनवरी, 2021 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

## राजभवन पर किसानों के प्रदर्शन को लेकर लखनऊ में हाई अलर्ट

**किसान नेताओं ने शनिवार को कृषि कानूनों के खिलाफ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से भेंट करने का कार्यक्रम बनाया था। इसको बाद में राजभवन घेराव का रूप दिया जाने लगा। किसान नेताओं की इस योजना की जानकारी होने के बाद प्रदेश सरकार हाई अलर्ट पर आ गई।**



**लखनऊ, [राज्य ब्यूरो]।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर किसान आंदोलन ने पुलिस के सामने दोहरी चुनौती खड़ी कर दी है। किसान आंदोलन के मद्देनजर पुलिस अतिरिक्त सतर्कता बरत रही है। किसान नेताओं से वार्ता के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। खासकर पीलीभीत, लखीमपुर व पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। डीजीपी मुख्यालय स्तर से सुरक्षा बंदोबस्त की लगातार मानीटरिंग भी की जा रही है।

डीजीपी हितेश चंद्र अवस्थी ने गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत सभी जिलों में प्रभावी चेकिंग कराए जाने के निर्देश दिए हैं। दूसरी ओर किसान आंदोलन को देखते हुए सभी जिलों में किसानों से सीधे संवाद कर शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। सूत्रों का कहना है कि आइजी मेरठ प्रवीण कुमार त्रिपाठी, आइजी लखनऊ लक्ष्मी सिंह व आइजी बरेली राजेश पांडेय को किसान नेताओं से संवाद की खास जिम्मेदारी सौंपी गई है। एडीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार का कहना है कि सभी जगह सुरक्षा के पर्याप्त बंदोबस्त किए गए हैं। मेरठ व बरेली रेंज के कुछ जिलों में अतिरिक्त पुलिस व पीएसी भी तैनात की गई है। गणतंत्र दिवस व किसान आंदोलन को देखते हुए खुफिया तंत्र को भी सक्रिय किया गया है। सभी टोल प्लाजा पर भी पूरी मुस्तैदी बरते जाने के निर्देश दिए गए हैं।

दिल्ली में चल रहे किसान आंदोलन के बीच शनिवार को लखनऊ में राजभवन घेरने की किसान नेताओं की योजना को लेकर प्रदेश सरकार बेहद गंभीर है। लखनऊ के साथ ही जिलों के बॉर्डर पर गहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है जबकि राजभवन के भी हर गेट पर भारी पुलिस बल तैनात है। किसान नेताओं ने शनिवार को कृषि कानूनों के खिलाफ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से भेंट करने का कार्यक्रम बनाया था। इसको बाद में राजभवन घेराव का रूप दिया जाने लगा। किसान नेताओं की इस योजना की जानकारी होने के बाद प्रदेश सरकार हाई अलर्ट पर आ गई। राजभवन के हर गेट पर सुरक्षा बल तैनात किया गया है। सरकार की इस तैयारी के बाद किसान बैकफुट पर आ गए। किसान राजभवन एडीएम, डीसीपी, एडीसीपी के साथ पहुंचे हैं।

इसके बाद हरनाम सिंह के नेतृत्व में किसानों के 12 सदस्यीय एक दल का राजभवन आने का कार्यक्रम फाइनल हो गया। इस प्रतिनिधिमंडल के राजभवन पहुंचने से पहले अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी, पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर तथा लखनऊ के जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश भी राजभवन पहुंच गए। कृषि कानून के विरोध में लखनऊ तथा लखनऊ के बाहर बड़ी संख्या में किसान एकत्र होने लगे। इनके आज राजभवन आने की सूचना पर जिला तथा पुलिस प्रशासन ने इनको बॉर्डर पर घेरने में सफलता प्राप्त की। किसान नेताओं के लखनऊ के बॉर्डर पर ही राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन लिया गया। इसके बाद किसान नेता लखनऊ के बाहर से ही अपने जिलों में लौट गए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिल्ली में किसान आंदोलन को देखते हुए सूबे में शांति-व्यवस्था बनाए रखने के कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों को किसानों से वार्ता कर उन्हें समझाकर शांत कराने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही निर्देश दिया कि किसानों पर कहीं बल प्रयोग न हो और सार्थक संवाद के जरिए शांति-व्यवस्था कायम रखी जाए। किसानों ने शनिवार को राजभवन का घेराव करने की घोषणा की है। इसके अलावा 26 जनवरी को किसान ट्रैक्टर रैली निकालने का एलान पहले ही कर चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार रात वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सभी जिलों के डीएम, एसएसपी, एसपी व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह भी ध्यान रखा जाए कि कहीं किसानों के साथ दुर्व्यवहार न हो। इसके साथ ही शरारती तत्वों पर भी कड़ी नजर रखी जाए। लखनऊ में शनिवार को पुख्ता सुरक्षा-व्यवस्था करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कहीं भी अधिक भीड़ को न जुटने दिया जाए।

## योगी आदित्यनाथ मंत्रिमंडल में फेरबदल की सुगबुगाहट से बढ़ी बेचैनी, मंत्रियों की कुर्सी खतरे में

**पार्टी में यह अटकलें जोर पकड़ चुकी हैं कि चुनावों के लिए तैयार हो रहे मंत्रिमंडल में जातिगत व क्षेत्रीय समीकरण साधे जाएंगे। महिला प्रतिनिधित्व बढ़ाने के अलावा युवाओं को मौका मिलेगा। कुछ नए चेहरों की एंट्री भी हो सकती है।**



**लखनऊ, [राज्य ब्यूरो]।** सत्ता के गलियारे में इस कयास के तर्क और आधार कई हैं कि योगी मंत्रिमंडल में जल्द फेरबदल हो सकता है। भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के दौरे ने चर्चा की ऐसी गर्म हवा तेज कर दी है, जो कई मंत्रियों को बेचैन किए है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से पहले संभावित इस बदलाव को मिशन-2022 की तैयारियों से भी जोड़कर देखा जा रहा है। माना जा रहा है कि करीब आधा दर्जन मंत्री उलटफेर से प्रभावित होंगे। कुछ नए चेहरों की एंट्री भी हो सकती है।

पार्टी में यह अटकलें जोर पकड़ चुकी हैं कि चुनावों के लिए तैयार हो रहे मंत्रिमंडल में जातिगत व क्षेत्रीय समीकरण साधे जाएंगे। महिला प्रतिनिधित्व बढ़ाने के अलावा युवाओं को मौका मिलेगा। जिन मंत्रियों का स्वास्थ्य साथ नहीं दे रहा है, उनको बदला जाना तय माना जा रहा है। जिलों में प्रभारी मंत्री के तौर पर अपेक्षित काम न करने वाले भी रडार पर हैं। नेतृत्व का मानना है कि विवादों में घिरे मंत्रियों को नहीं हटाया गया तो पार्टी को नुकसान उठाना पड़ सकता है। यूं भी प्रदेश मंत्रिमंडल में अभी आधा दर्जन नियुक्ति की गुंजाइश है। जिन दो कैबिनेट मंत्रियों चेतन चौहान और कमल रानी वरुण का कोरोना संक्रमण में निधन हो गया था, उनके स्थान पर कोई तैनाती नहीं हो सकी है। सूत्र बताते हैं कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पिछले दिनों दिल्ली दौरे में शीर्ष नेताओं से मंत्रिमंडल में फेरबदल की हरी झंडी ले आए थे। इधर, भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने जिस तरह मंत्रियों को कार्यशैली में सकारात्मक बदलाव की नसीहत दी, उसने भी मंत्रिमंडल फेरबदल की संभावना को बल दिया है। बजट सत्र से पहले मंत्रिमंडल का बदलाव तय मानने वालों का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निकटस्थ माने जाने वाले गुजरात कैडर के सेवानिवृत्त आइएएस अधिकारी अरविंद कुमार शर्मा का समायोजन होना तय है। शर्मा को जिस तरह अचानक भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराकर विधान परिषद भेजा गया, उससे उनकी भूमिका को लेकर तमाम अटकलें लगाई जा रही हैं। माना रहा है कि हाईप्रोफाइल शर्मा को जल्द मंत्रिमंडल में बड़ी जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। साथ ही किसान आंदोलन से ग्रामीण क्षेत्रों में नुकसान की आशंका देखते हुए कुछ ऐसे नेताओं को महत्व दिया जा सकता है, जिनका समाज आंदोलन के खिलाफ और सरकार के पक्ष में डटकर खड़ा रहा। कृषि कानूनों के पक्ष में वातावरण तैयार कराने में मंत्रियों की भूमिका अहम होगी।

सरकार व संगठन में पश्चिमी जिलों का प्रतिनिधित्व अपेक्षाकृत कम होने को लेकर सवाल उठते रहे हैं। मौजूदा मंत्रिमंडल में पश्चिम के मंत्रियों के पास कम महत्व वाले विभाग होना भी चर्चा में रहा है। ऐसे में सपा-रालोद गठजोड़ व बसपा के मुकाबले चुनावों में बढ़त लेने के लिए मंत्रिमंडल में पश्चिम के नेताओं को महत्व मिल सकता है। नए मंत्री बनाने के अलावा कुछ को महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। अनुसूचित वर्ग कोटे से नए मंत्री बनाए जाने की संभावना है। कैबिनेट मंत्री कमल रानी वरुण के निधन से रिक्त हुए स्थान की पूर्ति पर ध्यान दिया जाएगा। वहीं, अपना दल कोटे से आशीष सिंह को मंत्रिमंडल में स्थान मिलने की चर्चा जोरों पर है।

## सड़क हादसे में 3 की मौत, 23 लोग घायल

**तेजपुर, पीटीआइ।** असम में शनिवार को एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 23 लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, तीन अलग-अलग सड़क हादसों में इन लोगों की जान गई। उन्होंने बताया कि पहले सड़क हादसा रात बिश्वनाथ जिले के बलिजन इलाके में हुआ। एक कार आउट ऑफ कंट्रोल होकर 30 फीट गहराई में गिर गई। इस दौरान 2 लोगों की मौत हो गई है जबकि कई लोग घायल हो गए। भारतीय स्टेट बैंक के चार कर्मचारी इस कार में थे। दो लोगों की पहचान विशाल राज और रामेश्वर ओरंग के तौर पर हुई। बलिजन शाखा में यह दोनों कार्य करते थे। एसडीआरएफ के जवानों ने कार और दोनों शवों को शनिवार सुबह को निकाला। जबकि स्थानीय लोगों ने अन्य दो को बचा लिया। एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी है। वहीं दूसरे सड़क हादसे में लगभग 20 यात्रियों से भरी बस राष्ट्रीय राजमार्ग -37 पर कोयले से भरे ट्रक के साथ टकरा गई। यह हादसा नागांव में तेलियागाव क्षेत्र में हुआ। इस दौरान 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए और 7 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कामरूप जिले में शिवसागर से मिर्जा की तरफ तीर्थयात्रियों से भरी बस लौट रही थी। दुर्घटना के कारण वहां बड़े पैमाने पर ट्रैफिक जाम हो गया और वाहनों के आवागमन को बहाल करने में कई घंटे लग गए। इस दौरान एक बाइकर की मौत हो गई।

## किसानों के समर्थन में कांगेस ने निकाली रैली

**मध्यप्रदेश में शनिवार को किसानों के समर्थन में कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं ने रैली आयोजित की जिसे तितर बितर करने के लिए पुलिस ने पानी का बौछार किया। यह रैली जवाहर चौक से राजभवन तक निकाली जा रही थी।**

**भोपाल, एएनआइ।** मध्यप्रदेश में शनिवार को किसानों के समर्थन में कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं ने रैली आयोजित की जिसे तितर बितर करने के लिए पुलिस ने पानी का बौछार किया। यह रैली जवाहर चौक से राजभवन तक निकाली जा रही थी। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह, जयवर्द्धन सिंह और कुणाल चौधरी समेत 20 पार्टी वर्करों के साथ पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

किसानों के समर्थन में और तीनों नए कृषि कानूनों के विरोध में भोपाल की सड़कों पर उतरे कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं पर पुलिस ने लाठीचार्ज तो किया ही और इस ठंड के मौसम में पानी की बौछार भी की। ये सभी कांग्रेसी राजभवन का घेराव करने जा रहे थे लेकिन पुलिस ने बीच रास्ते में ही पूर्व मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष कमलनाथ की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकताओं ने आज राजभवन मार्च और घेराव का आयोजन किया था। शनिवार सुबह करीब 11 बजे के करीब सभी नेता, कार्यकर्ता शहर के जवाहर चौक पर एकत्रित हुए और फिर राजभवन की ओर रवाना हुए। पुलिस ने इस काफिले को बीच रास्ते में रोकने की कोशिश की। इसी दौरान पुलिस ने पहले उन पर आंसू गैस के गोले छोड़े, लाठियां भांजी फिर ठंडे पानी की बौछार की। पुलिस की इस कार्रवाई पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई और कहा है कि राज्य में शिवराज सिंह सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। मध्य प्रदेश कांग्रेस ने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा, 'कांग्रेस कार्यकताओं पर लाठीचार्ज, शिवराज की तानाशाही ने ब्रिटिश राज की याद दिलाई; भोपाल में शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर शिवराज का लाठीचार्ज, अश्रुगैस और वाटर कैनन का उपयोग करना गुलामी काल में अंग्रेजों द्वारा किये दमन की याद दिलाता है. शिवराज जी, आपकी उल्टी गिनती शुरू है।'

### ठंड में पुलिस ने छोड़ी पानी की बौछार




## भाजपा और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प, कई गाड़ियों में लगाई आग



**पीएम के पश्चिम बंगाल दौरे से पहले राज्य में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। इस बीच हावड़ा में भारतीय जनता पार्टी और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प की खबर है। भापका ने टीएमसी को हमले का आरोप लगाया है।**

**कोलकाता, एएनआइ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज पश्चिम बंगाल के दौरे पर आने वाले हैं। पीएम की यात्रा को लेकर राज्य में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। इस बीच हावड़ा में भारतीय जनता पार्टी और टीएमसी कार्यकताओं के बीच झड़प की खबर है। भाजपा ने टीएमसी पर हमले का आरोप लगाया है। भाजपा के स्थानीय नेता का कहना है, 'हमारे कार्यकताओं पर आज हमला किया गया। अगर टीएमसी इस तरह की राजनीति करना चाहती है, तो उन्हें उसी भाषा में जवाब दिया जाएगा'। बता दें कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती वर्ष के मौके पर पीएम मोदी शनिवार को पश्चिम बंगाल आ रहे हैं। इस दौरान पीएम विक्टोरिया मेमोरियल हॉल में 'पराक्रम दिवस' समारोह के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इस कार्यक्रम में बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी आमंत्रित हैं।

### नौ राज्यों में पॉल्ट्री फॉर्म तक पहुंचा बर्ड फ्लू : केंद्र सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसियां।** केंद्र सरकार ने शनिवार को बताया कि अभी तक देश के नौ राज्यों में पॉल्ट्री फार्म के पक्षियों में बर्ड फ्लू फैल चुका है। जबकि, 12 राज्यों में कौओं, प्रवासी पक्षियों और जंगली पक्षियों में यह बीमारी फैली है। मत्स्यपालन, पशुधन और डेयरी मंत्रालय ने एक बयान में कहा, '23 जनवरी तक नौ राज्यों- केरल, हरियाणा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, गुजरात, उत्तर प्रदेश और पंजाब में पॉल्ट्री फार्म के पक्षियों में बर्ड फ्लू (एवियन इंफ्लूएंजा) की पुष्टि हुई है। वहीं, देश के 12 राज्यों में कौओं, प्रवासी पक्षियों और जंगली पक्षियों में एवियन इंफ्लूएंजा की पुष्टि हुई है।'मंत्रालय ने बताया कि 12 राज्यों में मध्य प्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर और पंजाब शामिल हैं।

## भारत में अब तक लगभग 14 लाख टीकाकरण, पिछले 24 घंटे में तीन लाख से ज्यादा लोगों को लगा टीका



**नई दिल्ली, पीटीआइ।** भारत में अब तक लगभग 14 लाख लोगों का कोरोना टीकाकरण हो चुका है। पिछले 24 घंटे के दौरान तीन लाख 47 हजार 058 लोगों का टीकाकरण हुआ। इस दौरान 6,241 सत्रों का आयोजन हुआ। कुल अब तक 24,408 सत्रों का आयोजन हो चुका है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार 23 जनवरी 2021 सुबह आठ बजे तक 13 लाख 90 हजार 592 लोगों का टीकाकरण हो चुका है।

गौरतलब है कि भारत में इसी महीने की शुरूआत में कोरोना के दो टीकों के आपात इस्तेमाल की मंजूरी दी थी। इनमें से एक कोवैक्सीन पूरी तरह से स्वदेशी है। एस्ट्राजेनेका और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा विकसित वैक्सीन का भारत में कोविशिल्ड के नाम से सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया निर्माण कर रहा है। 16 जनवरी से टीकाकरण हो रहा है। मंत्रालय ने टीकाकरण के लिए हर राज्यों के लिए अलग-अलग दिन तय किए हैं। उत्तर प्रदेश, गोवा और हिमाचल प्रदेश में हफ्ते में दो दिन टीके लगाए जाएंगे। इसके अलावा आंध्र प्रदेश में सबसे अधिक छह दिन टीकाकरण अभियान चलेगा।

स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार देश में सबसे ज्यादा 1,84,699 टीकाकरण कर्नाटक में हुआ है। इसके बाद आंध्र प्रदेश में 1,33,298, ओडिशा में 1,30,007 और उत्तर प्रदेश में 1,23,761 लोगों का टीकाकरण हुआ है। वहीं तेलंगाना में 1,10,031, महाराष्ट्र में 74,960, बिहार में 63,620, हरियाणा में 62,142, केरल में 47,293 और मध्य प्रदेश में 38,278 लोगों को टीके की डोज मिल गई है।

बता दें कि देश में कोरोना के अब तक एक करोड़ छह लाख से ज्यादा मामले सामने आ गए हैं। वहीं एक लाख 53 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। वर्तमान में देश में कोरोना के एक्टिव केस कुल मामलों के 1.74 फीसद है।मंत्रालय ने कहा कि देश के 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कोरोना के 5,000 से कम सक्रिय मामले हैं और उनकी रिकवरी रेट राष्ट्रीय औसत से ऊपर है।

## मतदाता दिवस पर डिजिटल वोटर आइडी लांच करेगा चुनाव आयोग

**नई दिल्ली, एएनआइ।** चुनाव आयोग राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर 25 जनवरी को औपचारिक रूप से ई-एपिक लांच करेगा। ई-एपिक इलेक्टोरल फोटो आइडेंटिटी कार्ड का पीडीएफ संस्करण होगा। इसमें संपादन नहीं किया जा सकेगा। इसमें तस्वीर और सीरियल नंबर, पार्ट नंबर आदि के साथ सुरक्षित क्यूआर कोड होगा।

समाचार एजेंसी एएनआइ की रिपोर्ट के मुताबिक, इसे मोबाइल या कंप्यूटर पर डाउनलोड किया जा सकेगा और डिजिटल स्वरूप में रखा जा सकेगा। यह ताजा भौतिक आईडी के अतिरिक्त होगा। चुनाव आयोग के एक अधिकारी ने बताया कि ई-एपिक को दो चरणों में लांच किया जाएगा। पहला चरण 25 से 31 जनवरी तक चलेगा।

इस दौरान वे सभी नए मतदाता ई-एपिक डाउनलोड कर सकेंगे, जिन्होंने मतदाता पहचान पत्र के लिए आवेदन किया है और फॉर्म-6 में अपना मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड किया है। मोबाइल नंबर को चुनाव आयोग की मतदाता सूची में पहले से रजिस्टर्ड नहीं होना चाहिए। इसका दूसरा चरण एक फरवरी से शुरू होगा। इसमें वे सभी मतदाता ई-एपिक डाउनलोड कर सकेंगे, जिन्होंने अपना मोबाइल नंबर दिया है। चुनाव आयोग की ओर से यह व्यवस्था राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर सामान्य मतदाताओं के लिए की गई है। अपने मोबाइल पर ही इस वोटर आइडी कार्ड को डाउनलोड किया जा सकता है। ऐसे में जब अधिकांश आईडी कार्ड डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आ रहे हैं। माना जा रहा है कि इससे आम मतदाताओं को बड़ी राहत होगी। इसे कहीं भी जरूरत पड़ने पर इस्तेमाल किया जा सकता है।



# ग्रामीण अंचल

प्रयागराज रविवार, 24 जनवरी, 2021

## संक्षेप समाचार

### राम जन्मभूमि तीर्थ निधि प्रमुखों का प्रशिक्षण हुआ

**सहसों।** छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज सहसों में एक दिवसीय श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण हेतु निधि समर्पण अभियान के संयोजक एवं हिसाब प्रमुखों का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ द्य प्रशिक्षण देने हेतु प्रांत हिसाब सह प्रमुख राकेश सिंगर जी जिला कार्यवाह बेचन जी अभियान संयोजक महेंद्र जी के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया द्य इस मौके पर विभाग संगठन मंत्री विहिप अमित पाठक, जिला बौद्धिक प्रमुख गंगा पार शिव कैलाश, जिला हिसाब प्रमुख पवन पांडे, एवं विद्यालय के प्रबंधक अनिरुद्ध सिंह पटेलए खंड हिसाब प्रमुख शिव बाबू केसरवानी, खंड सह संयोजक मनोज तिवारी, डॉ प्रमोद गुप्ता, पुष्पेंद्र सिंह, शिवाकांत कुशवाहा, रितेश केसरवानी, धैर्य प्रताप साहू, खंड सह संयोजक प्रमोद गुप्ता, संयोजक दीपक द्विवेदी, राकेश सिंह मंडल अध्यक्ष सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## पहाड़ी पर मिला अधेड़ का शव परिजनों ने किया हंगामा

**फचकरा पयागपुर के मृतक का शव रख हंगामा। , एसडीएम के आश्वासन पर माने परिजन**



आक्रोशित परिजनों को समझाने का प्रयास करतीं एसडीएम

**मांडा।** बीते गुरुवार की शाम मछहा पहाड़ी पर अधेण का शव पाया गया था जिसे पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शहर भेज दिया था। शव घर पहुंचते ही परिजनों ने हाईवे पर चक्का जाम कर दिया। एसडीएम के आश्वासन पर चक्का जाम समाप्त किया गया।

मांडा थाना क्षेत्र के पचरा पयागपुर रामगढ़वा निवासी भगवान दास (70) बीते गुरुवार की दोपहर खेत देखने घर से निकले थे ।इस दौरान शाम के करीब था पहाड़ी पर उनका सब देखा गया। जिसकी सूचना पुलिस को दे दी गई ।सूचना पर मांडा थाना अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार पांडे चौकी प्रभारी भारतगंज विनय सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे इस दौरान पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शहर भेज दिया और पीड़ित की तहरीर पर 4 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया ।वहीं गुरुवार शुक्रवार की रात मृतक का शव घर पहुंचते ही परिजनों सहित ग्रामीणों में कोहराम मच गया ।शनिवार की सुबह 10:00 बजे के आसपास प्रयागराज मिजार्पुर बॉर्डर पाली हेमपुर में आक्रोशित परिजनों सहित ग्रामीणों ने मृतक का शव रख हाईवे पर चक्का जाम कर दिया और यह आरोप लगाया कि पुलिस चौकी प्रभारी भारतगंज 5 दिसंबर को जमीनी विवाद को लेकर हुई वारदात ए दर्ज हुई होती तो शायद यह न घटती।

उक्त की सूचना पर मांडा थाना अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार पांडे जिगना थाने के इंस्पेक्टर प्रणव प्रसून श्रीवास्तव भारी पुलिस के साथ पहुंचे ।पुलिस ने मृतक के परिजनों से वार्ता किया लेकिन बात नहीं बनी ।वही मामले की जानकारी पर मेजा एसडीएम रेनू सिंह, क्षेत्राधिकारी भीम कुमार गौतम, नायब तहसीलदार विश्व दीपक त्रिपाठी,जाम स्थल पहुंचे ।इस दौरान एसडीएम की वार्ता सफल रही और परिजनों ने जाम को हटा दिया। वहीं उक्त जाम को लेकर वाहनों की लंबी कतार लगी रही जिससे राहगीरों को घंटों परेशान होना पड़ा।

## पत्रकार के निधन पर हुई शोकसभा

**करछना।** नैनी निवासी पत्रकार प्रेस परिषद के जिलाध्यक्ष रहे वरिष्ठ पत्रकार अनिल मिश्रा के आसमायिक निधन पर पत्रकारो मे शोक की लहर है, लम्बी बीमारी के चलते शुक्रवार को देर शाम लखनऊ में पी जी आई में निधन हो गया था । स्थानीय पत्रकारो ने शोंकसभा आयोजित कर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर मौजूद पत्रकार इन्द्र प्रताप सिह ने कहा कि पत्रकारिता जगत मे विगत कई वर्षो से शहर के विभिन्न कई अखबारो मे अपनी लेखनी के बल पर अलग पहचान बनाई और मृदुभाषी स्वभाव और मिलनसारिता के चलते वे सभी के प्रिय रहे। वे हमेशा युवा पत्रकारो को लेखनी से पहचान बनाने के प्रेरणा दिया करते थे। शनिवार को उनका अतिम सस्कार दारागंज गंगा घाट पर किया गया।अनिल अपना भरा पूरा परिवार छोड़कर चले गये उनके निधन की भरपाई नही की जा सकती। इस मौके पर सतोष यादव, योगेश विहारी सिह, मुदित प्रताप सिह सुनील कुमार मिश्रा, आजाद सिंह, मुनेश मिश्रा, अभय सिंह, समेत कई पत्रकार मौजूद रहे।

## आग लगने से नगदी समेत लाखों का सामान जलकर खाक



**हंडिया।** हंडिया तहसील अंतर्गत आने वाले कुकुढ़ा गांव निवासी झुरई चौहान पुत्र खखनू चौहान का आरोप है। कि बीती रात अज्ञात लोगों द्वारा उनके कच्चे मकान में आग लगा दी गई। जिसके चलते उनके घर का सारा सामान जलकर खाक हो गया, मिली जानकारी के अनुसार झुरई चौहान एक भट्ठे पर काम करता है। कल रात जब वह अपने पूरे परिवार के साथ भट्टे पर था तभी गांव के लोगों ने उसके घर में आग जलता देखा तो शोर मचाने लगे और 112 तथा फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी देर के बाद आग पर काबू पाया सूचना की जानकारी पाकर तहसीलदार हड़िया तथा छेत्ररी लेखपाल मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया मिली जानकारी के अनुसार लगभग 4 लाख रुपए का नुकसान हुआ है जिसमें गेहूं चावल बर्तन कपड़े नगदी जेवर समेत घर की सारी सामग्री जलकर खाक हो गई झुरई चौहान अपने पूरे परिवार के साथ इसी मकान में जीवन यापन करता था पीड़ित के तीन लड़के जिसमें बड़े लड़के की दिमागी हालत ठीक नहीं है। पीड़ित अपने परिवार के साथ भट्टे पर कार्य करके परिवार का भरण पोषण करता है। पीड़ित का यह भी आरोप है कि थानाध्यक्ष हंडिया को सूचना देने के बाद भी मौके पर अस्थाई पुलिस नहीं पहुंची पीड़ित ने सरकार से मदद की गुहार लगाई है।



सुभाष चन्द्र बोस की 125वीं जयंती मनाते लोग

## नेता जी सुभाष चन्द्र बोस को याद किया गया

**सहसों।** भारद्वाज गुरुकुलम संस्थान देवनागरी में महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जन्म जयंती उनके चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित करके मनाई गई। नेताजी के जीवन पर और चरित्र पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए संस्थान के चेयरमैन एडवोकेट देवराज उपाध्याय ने कहा कि जननायक नेताजी का या उद्घोष तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा आज जन जन की आवाज बन चुका है। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस पार्टी प्रयागराज के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अशफाक अहमद ने उनके आजाद भारत के योगदान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए नेता जी के सपनों को साकार करने की जरूरत पर बल दिया और उनके विचारों की प्रासंगिकता बताई। इस अवसर पर छोटे बच्चों को मिठाईयां बांटकर उनके बारे में वक्ताओं ने विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में संस्थान के प्रबंधक विनय उपाध्याय, शमशेर बहादुर पटेल, सलीम टाइगर, दिलीप दुबे, सूर्यकांत दुबे, अश्विनी श्रीवास्तव, स्वपनिल त्रिपाठी, शुभा विश्वकर्मा, शुभम उपाध्याय, भोलानाथ तिवारी, अशोक यादव, गुलाब यादव, लक्ष्मीनारायण आदि लोग उपस्थित रहे।

## सफाई अभियान को चिढ़ाता उरूवा ब्लाक परिसर



उरुवा ब्लाक कार्यालय का दृश्य



परिसर में पान गुटका खाकर थूकने का नजारा

**उरूवा।** केंद्र सरकार भले स्वच्छता को लेकर अभियान चला रही है, मगर सरकारी कार्यालय गंदगी के ढेरों में छिपे हैं। किसी कार्यालय की दीवाल पर पान की पीक तो कहीं कूड़े के ढेर के बीच अधिकारियों के कार्यालय संचालित हैं। इन कार्यालयों के बाहर पड़ी गंदगी पर अधिकारियों की ओर ध्यान नहीं है। प्रयागराज के मेजा तहसील के उरुवा ब्लाक कार्यालय इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। जहां गंदगी ही गंदगी है।

उरुवा ब्लाक के पूरे परिसर में आपको हर जगह पान गुटका की पीक नजर आयेगी ब्लाक कार्यालय का कूड़ा वहा की नालियों में फेका दिखेगा। एक ओर जहा पूरा वोश्व कोरोना से जूझ रहा है जहा हिदुस्तान में किसी के पास फोन मिलाईये तो घंटी बजने से पहले साफ सफाई के लिए बताता था की कोरोना से बचाव हो सके बहरहाल अब कोरोना वेक्सिन के बारे बताता है। वही मेजा तहसील के उरुवा ब्लाक के परिसर व कार्यालय में गन्दगी ही गन्दगी है चाहे उरुवा ब्लाक का नरेगा आफिस हो चाहे वीडियो, प्रमुख कर्यालय या कहे तो ब्लाक के लगभग हर विभाग के कार्यालय में पान की पीक और गन्दगी मिलेगी मजे की बात तो ये है की स्वछता अभियान का बोर्ड भी जिस कार्यालय के दरवाजे पर लगा है वहा दरवाजे के बाहर बगल में सबसे जयादा पान गुटका खा के थूका गया है `ब्लाक परिसर में कही डस्टबिन नही है जिससे ब्लाक कार्यालय के कर्मचारियों पर सवालिया निशान लगा रहा है।

## राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र निधि में दिया सहयोग राशि

**सहसों।** रामनगर बेरुई स्थित राज नारायण पांडे एजुकेशनल ग्रुप बेरुई के प्रबंधक डॉक्टर देवेंद्र पांडे जी ने 51000 रुपए का सहयोग राशि का चेक प्रांतीय संगठन मंत्री विहिप काशी प्रांत मुकेश जी को प्रदान किया। इस मौके पर महेंद्र जी कार्य अध्यक्ष विहिप गंगा पार, दीपक द्विवेदी अभियान प्रमुख सहसों, पवन पांडे जिला संयोजक बजरंग दल व पंकज तिवारी, किशन शुक्ला, आशुतोष तिवारी प्रधानाचार्य गुलालपुर, किशन कुमार पन्ने, अशोक कुमार जी एवं विहिप के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी गण तथा विद्यालय के समस्त कर्मचारी गण मौके पर उपस्थित रहे।

## सामूहिक विवाह समारोह में दर्जनभर जोड़ों ने लिया सात फेरा



सामूहिक विवाह समारोह में दाम्पत्य सूत्र बंधन में बंधे वैवाहिक जोड़े

**शंकरगढ़।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शनिवार को विकास खंड शंकरगढ़ सभागार में दर्जन भर जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया। विवाह के बाद वर और वधू को उपहार देकर पूरे रीति-रिवाज के साथ विदाई की गई।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शंकरगढ़ विकास खंड मुख्यालय में सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। ग्राम विकास अधिकारी गजराज सिंह ने बताया कि एक जोड़े को शासन की तरफ से 51000 रुपये दिया जाता है, जिसमें 35000 रुपये लड़की के खाते में डाला जाएगा। 10000 रुपये का उपहार तथा 6000 रुपये व्यवस्था में खर्च किया जाएगा। विवाह समारोह में वर-वधू के साथ आए लोगों को भोजन कराया गया व उपहार में पैंट शर्ट, पगड़ी, डिनर सेट, कुकर, बिछिया, पायल तथा अन्य सामग्री दी गई। विवाह समारोह में क्षेत्र के शिवराजपुर, कल्याणपुर, सेमरी तरहार, गाढ़ा कटरा, झंझरा चौबे, झंझरा पांडेय के अलावा पांच जोड़े जसरा ब्लाक के भी शामिल रहे। समारोह में प्रमुख रूप से ब्लाक प्रमुख शंकरगढ़ भारत सिंह, खंड विकास अधिकारी देवेंद्र ओझा, सहायक खंड विकास अधिकारी ओम प्रकाश पांडेय, सहायक विकास अधिकारी गजराज सिंह, कामता प्रसाद सिंह के अलावा भारी संख्या में परिजन व कर्मचारी उपस्थित थे। पुरोहित पंडित राजनाथ दुबे व सहयोगी के रूप में सुशील मिश्र ने विवाह संपन्न करवाया।

## एक माह में जवाब दें तहसीलदार, आदेश का पालन करें या अदालत में हाजिर हों : हाईकोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जौनपुर जिले के शाहगंज तहसीलदार को आदेश पालन का एक माह का समय फिर दिया है। साथ ही कहा कि अनुपालन नहीं किया गया तो कोर्ट तहसीलदार को तलब कर अवमानना का आरोप तय करेगी। कोर्ट ने कहा कि प्रथमद्दष्टया अवमानना का केस बनता है क्योंकि इससे पहले भी दो बार दाखिल अवमानना याचिकाएं आदेश पालन का निर्देश देते हुए निस्तारित की जा चुकी हैं। कोर्ट ने तहसीलदार अभिषेक कुमार राय को अवमानना नोटिस जारी किया है और एक माह में जवाब मांगा है। यह भी कहा कि आदेश का पालन कर हलफनामा दाखिल नहीं किया गया तो तहसीलदार अगली सुनवाई पर कोर्ट में हाजिर हों। यह आदेश न्यायमूर्ति सुनीत कुमार ने अरविंद कुमार यादव की अवमानना याचिका पर अधिवक्ता आरएन यादव व अभिषेक यादव को सुनकर दिया है। अधिवक्ता द्वय कहना है कि खेतासराय के डोभी गांव में दबंगों ने तालाब पोखरी का अतिक्रमण कर अवैध निर्माण करा लिया है। वर्ष 2017 में हाईकोर्ट ने जनहित याचिका पर तीन माह में कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। जिसका पालन न करने पर अवमानना याचिका दाखिल हुईं। कोर्ट दो समय दे चुकी है।

## वीरापुर को हराकर सीकी बनी चैंपियन, कप पर किया कब्जा



विजेता टीम के खिलाड़ी को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के रेहथू गांव में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी एफसीसी क्रिकेट क्लब द्वारा टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में लगभग 32 टीमों ने भाग लिया। शुक्रवार को फाइनल टूर्नामेंट क्रिकेट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सपा नेता व जिला पंचायत प्रत्याशी जगत पटेल रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि खेल से मानसिक व शारीरिक विकास होता है। हर युवाओं को खेल को खेल खेलना चाहिए। विशिष्ट अतिथि के रूप में सुरेन्द्र मास्टर रहें। उन्होंने खिलाड़ियों की पीठ थपथपाते हुए उनके हौसले बुलंद करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को हार से निराश नहीं होना चाहिए। खेल में हार व जीत लगा रहता है। जीत होने से सफलता मिलती है हार में अनुभव जरूर मिल जाता है। फाइनल मैच वीरा पुर व सीकी के बीच में खेला गया ।टॉस हारकर सीकी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवर में 118 रन बनाए। वही दूसरी पारी खेलने उतरी वीरा पुर ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से 8 ओवर के 4 गेंद पर ही आल आऊट हो गई इसी कारण सीकी ने मैच पर कब्जा कर लिया। मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि द्वारा विजेता व उप विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। विजेता टीम को कमेटी द्वारा 11 बाल्टी एक गिलास उपविजेता को 11 बाल्टी दिया गया। टूर्नामेंट आयोजक तुलसी राम रमेश पटेल ने आए हुए अतिथियों का आभार जताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। कमेंट्री कर रहे दिनेश यादव ने अपनी कमेंट्री से लोगों का दिल जीत लिया। इस अवसर पर संतोष यादव, राम प्रसाद पटेल, युवा नेता मोहम्मद नाजिम, रोशन यादव, जितेन्द्र यादव, धीरज कुमार पटेल, कुअर सिंह, दयाराम विश्वकर्मा, धर्मचन्द, इंद्र बहादुर पटेल, मास्टर जी आदि लोग मौजूद रहे।

## घायल आरएसएस नेता से मिले डिप्टी सीएम



अस्पताल में घायल आरएसएस नेता का हाल चाल लेते डिप्टी सीएम

**मऊआइमा।** मऊआइमा के आर एस एस कार्यवाहक पर जानलेवा हमला कर के बुरी तरह जख्मी कर देने वाले आरोपियों में से मुख्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। हालांकि गिरफ्तारी के लिए कई टीमें एंव अतिरिक्त पुलिस लगी हुई है। एस आर एन में भर्ती आर एस नेता से शनिवार को डिप्टी सीएम ने मुलाकात कर हाल चाल जाने और पुलिस को सख्त हिदायत दिए।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मरखामऊ निवासी दिनेश कुमार मौर्या पुत्र राम सुमेर लखनऊ में रोडवेज में संविदा पद पर परिचालक हैं। बताते हैं कि शुक्रवार को भोर में वह डयूटी करके थाना पडाव चौराहे पर ऊतरे । फिर वहां से ई रिक्शा से मरखामऊ के लिए चल दिए। जैसे वह छपाई बाग और मरखामऊ गांव के करीब पहुंचे पीछे से दो बाइक से बदमाशों ने दिनेश कुमार की कंपटी पर गोली मार कर भाग निकले । बुरी तरह जख्मी दिनेश कुमार को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर ले जाया गया फिर एस आर एन में भर्ती करा दिया गया। जहां आपरेशन से कंपटी में फंसी गोली निकाल लिया गया। अब दिनेश कुमार खतरे से बाहर हैं। उधर घायल दिनेश कुमार मौर्या के भाई राकेश मौर्या ने मऊआइमा थाने में अबुल उर्फ जैद, गुलफाम, अतीक अहमद, मासूक, पूर्व ग्राम प्रधान अहमद वाजिद अली उर्फ बचऊ निवासी गण सुलतानपुर खास के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने अभी तक पूर्व ग्राम प्रधान अहमद वाजिद अली उर्फ बचऊ, मासूक, गुलफाम को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि अबुल उर्फ जैद, अतीक अहमद फरार हैं। जिनकी तलाश में गठित पुलिस की टीमें दबिश दे रही है। मऊआइमा पुलिस का कहना है कि जल्द ही सारे आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। जिसके लिए संभावित ठेकानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस का कहना है इस घटना में अन्य लोगों के शामिल होने की बात भी सामने आ रही है। उधर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने शनिवार को एस आर एन में भर्ती दिनेश कुमार मौर्या से मिल कर हाल जाने तथा जल्द स्वास्थ्य होने की बात कही तथा पुलिस को सख्त हिदायत भी दिए ।

## लापरवाही बरतने के कारण कस्बा चौकी इंचार्ज लाइन हाजिर

**मऊआइमा।** आरएसएस नेता पर कातिलाना हमला करने के आरोपियों के फरार हो जाने के कारण मऊआइमा कस्बा चौकी प्रभारी को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने शनिवार को लाइन हाजिर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा ग्राम मरखामऊ निवासी आर एस एस के कार्यकर्ता एंव परिवहन निगम के परिचालक संविदा कर्मचारी दिनेश कुमार मौर्या पर शुक्रवार को कातिलाना हमला हुआ था। जिसमें पुलिस की भूमिका अच्छी नहीं रही। शनिवार को घायल को देखने डिप्टी सी एम केशव प्रसाद मौर्या भी पहुंचे थे। जिसपर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कस्बा चौकी प्रभारी अजीत सिंह को लाइन हाजिर कर दिए। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाने में दोबारा पोस्टिंग करा कर आए तथा अन्य पुलिसकर्मियों की भूमिका की जांच चल रही है। जिनका जनता के प्रति व्यवहार अच्छा नहीं है। जिन्हें चिन्हित किया जा रहा है। जिससे पुलिसकर्मियों में खलबली मची हुई है।

## राशन की दुकान पर जमा होंगे बिजली बिल : अमित



राशन डीलरों के साथ बैठक करते आपूर्ति निरीक्षक अमित चौधरी

**करछना।** बिजली उपभोक्ताओं को बिल जमा कराने को लेकर अब लंबी लाइन में नहीं लगना होगा। उपभोक्ता अपना बिल अपने शहर के मोहल्ले या गांव में राशन की दुकान पर जमा कर सकेंगे। इसके लिए उन्हें कोई अतिरिक्त चार्ज भी नहीं देना होगा। शनिवार को करछना तहसील के सभागार में क्षेत्रीय पूर्ति निरिक्षक अधिकारी अमित चौधरी ने तहसील करछना के करछना, चाका व कौंधियारा ब्लाक के राशन डीलरों की बैठक लेकर उन्हें बिजली बिल जमा करने के संबंध में जानकारी दी। बताया कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में बिजली का बिल जमा करने की शुरूआत पीडीएस शॉप (ई- पाँस) मशीन के माध्यम से की जा रही है। अपना विद्युत बिल जमा करने के लिए शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की राशन दुकानों पर यह व्यवस्था शुरू की गई है। पीडीएस शॉप के माध्यम से बिजली का बिल अब किसी भी सरकारी राशन की दुकान पर जमा किया जा सकता है। इसके लिए कोई अतिरिक्त चार्ज भी नहीं लगेगा। यह व्यवस्था पूरे जिले में शुरू होने जा रही है। कोई भी बिजली उपभोक्ता अपना बिल अपने आसपास की राशन की दुकान पर जमा कर सकता है।

# प्रयागराज हलचल



## संक्षेप समाचार

### डॉ०तरुण पाठक ने दिया विधायक बारा को राम मंदिर के लिए अनुग्रह राशि

**जसरा।** अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण के लिए बारा विधायक डा० अजय कुमार अपने पूरी टीम के साथ शनिवार को जसरा ब्लॉक पर एवं जसरा बाजार में ब्यवसाइयों के यहाँ अनुग्रह धनराशि लेने के लिए गये । जसरा ब्लॉक पर डा० ए०के० रस्तोगी से इक्कीस हजार, डा०तरुण पाठक से ग्यारह हजार रुपए के साथ ही जसरा बाजार में भाजपा के पूर्व जिलामंत्री राजेश जायसवाल से ग्यारह हजार, अमृतेश केसरवानी से इक्कीस हजार, डा०संगम लाल यादव से ग्यारह हजार रुपए के साथ ही सपा नेता रतन केसरवानी से पांच हजार एक सौ रुपए का चेक प्राप्त करके विधायक जी न पूरे अनुग्रह धनराशि को ले करके और लोगों से मंदिर निर्माण के लिए निधि समर्पित करने का आग्रह किया। इनमें प्रमुख रूप से मोहन यादव,हरीराम त्रिपाठी, राजाबाबू पाठक,रामानंद त्रिपाठी,बब्बन सिंह,अशोक तिवारी, बीरेन्द्र पाठक,प्रीतम केसरवानी,कमलेश त्रिपाठी, नन्देश्वर त्रिपाठी,जगत नारायण शुक्ल आदि लोग टीम में शामिल रहे।

### बार एसोसिएशन के चुनाव में राजेन्द्र सिंह अध्यक्ष निर्वाचित

**कोरांव।** बार एसोसिएशन कोरांव के चुनाव में अध्यक्ष पद पर राजेन्द्र प्रशाद सिंह एडवोकेट 92 मत पा कर विजयी घोषित हुए। वहीं उमाकांत तिवारी को 77 वोट लेकर तथा अरुणकुमार तिवारी को 54 वोट और लल्लन तिवारी को 42 वोट पर संतोष करना पड़ा। साथ ही प्रशांत पांडेय मंत्री पद पर विजयी हुए व कोषाध्यक्ष पद पर नागेश्वर निर्वाचित हुए।

## अतीक के गुर्गे दुर्रानी का मकान भी हुआ धाराशायी

**प्रयागराज।** बाहुबली पूर्व सांसद अतीक अहमद गैंग के खिलाफ प्रयागराज विकास प्राधिकरण और प्रशासन ने एक और बड़ी कार्रवाई की है धूमनगंज थाना क्षेत्र के कसारी मसारी इलाके के 60 फीट रोड के पास अतीक अहमद गैंग से जुड़े आसिफ उर्फ दुरानी के अवैध रूप से निर्माण पर प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने बुलडोजर चलाकर जमींदोज करने की कार्रवाई की है धूमनगंज थाना क्षेत्र के कसारी मसारी इलाके के 60 फीट रोड के पास ही लगभग 4 करोड़ की लागत से प्लॉट एरिया लगभग 400 वर्ग गज में बने अवैध आवास और दुकान निर्माण को चार जेसीबी मशीनें लगाकर जमींदोज करने की करवाई चल रही है अपराधियों माफियाओं के अवैध समराज्य पर योगी सरकार की कार्रवाई लगातार जारी है ऑपरेशन आफ थे नाश्ते नाबूत के इस कड़ी में आज प्रयागराज विकास प्राधिकरण आसिफ उर्फ दुगार्नी के इस आवास को जमींदोज करने की कार्रवाई कर रही है धूमनगंज थाने के हिस्ट्रीशीटर माफिया अतीक अहमद गैंग के सक्रिय सदस्यों में से एक आसिफ उर्फ दुगार्नी



दुर्रानी का अवैध मकान ढहाता पीडीए का जेसीबी

के इस आलीशान मकान दो जमींदोज कर दिया गया है बात की जाए आसिफ उर्फ दुगार्नी की को दुगार्नी धूमनगंज थाने का हिस्ट्रीशीटर है और प्रयागराज के अलग-अलग थानों में लगभग 2 दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं लंबे समय से आसीफ उर्फ दुगार्नी अतीक अहमद गैंग के लिए काम करता रहा है विकास प्राधिकरण की माने तो प्रयागराज विकास प्राधिकरण से बिना नक्शा पास कराए इस आलीशान भवन का निर्माण कराया गया था जिसे विधिक कार्रवाई करते हुए प्रयागराज विकास प्राधिकरण की ओर से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है अब तक प्रयागराज विकास प्राधिकरण कुल 47 अवैध साम्राज्य को जमींदोज कर चुका है और आज यह 48वी कार्रवाई करते हुए आसिफ उर्फ दुगार्नी के अबैध साम्राज्य को को गिराया जा रहा है पीडीए अधिकारीयो के मुताबिक यह राज्य सरकार का नीतिगत फैसला है सभी अपराधियों के साम्राज्य पर कार्रवाई करने का उसी क्रम में प्रयागराज विकास प्राधिकरण की टीम लगातार कार्रवाई में जुटी हुई है माना जा रहा है कि आगे आने वाले दिनों में माफिया हिस्ट्रीशीटर सहित कई अपराधियों के खिलाफ प्रयागराज विकास प्राधिकरण की और भी करवाई जारी रहेगी।

बता दें कि प्रयागराज विकास प्राधिकरण माफिया अपराधियों के अवैध साम्राज्य पर लगातार कार्रवाई करने में जुटा हुआ है पहले चरण में अहमदाबाद जेल में बंद पूर्व सांसद बाहुबली अतीक अहमद और उसके गिरोह के 2 दर्जन से अधिक सदस्यों के अवैध निर्माण को ध्वस्त करने के बाद दूसरे अपराधियों के अवैध निर्माण को भी जमींदोज किया है जिसमें भदोही के ज्ञानपुर सीट से बाहुबली विधायक विजय मिश्रा ,हिस्ट्रीशीटर दिलीप मिश्रा, छोटा राजन गिरोह के शूटर बच्चा पासी, राजेश यादव इसके अलावा गणेश यादव ,अशोक यादव सहित कई अन्य अपराधियों के खिलाफ अवैध निर्माण पर भी विकास प्राधिकरण का बुलडोजर चल चुका है।

### शुआट्स के प्रोफेसर को पूर्व छात्र ने जान से मारने की दी धमकी

**नैनी।** शुआट्स विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डा.अर्पण शेरिंग के साथ अभद्रता करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। संस्थान के सुरक्षा अधिकारी आर.के.सिंह ने इस मामले में आरोपी पूर्व छात्र मोहम्मद अजरुद्दीन पुत्र बदरुद्दीन निवासी महेवा के विरुद्ध नैनी थाने में शनिवार को मुकदमा दर्ज कराया है। सुरक्षा अधिकारी की तरफ से दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया गया है कि शुक्रवार दोपहर करीब सवा तीन बजे आरोपी पूर्व छात्र पीएचडी की समय सीमा बढ़ाने की बात को लेकर प्रोफेसर से मिलने उनके विभाग में आया था। जहां बातचीत के बीच एकाएक उनको गालियां बकने लगा। मना करने पर उनको मारने के लिए दौड़ा लिया। प्रोफेसर ने चीफ प्राक्टर को फोन करने की कोशिश की तो उनका मोबाइल फोन पटक दिया। इसबीच विभाग में अफरातफरी मच गई। वहां मौजूद अन्य प्राध्यापक और कर्मचारियों ने प्रोफेसर अर्पण को किसी तरह से बाहर निकाल कर उनकी जान बचाई। वरना वहां कोई अप्रिय घटना हो सकती थी। जाते जाते आरोपी पूर्व छात्र ने प्रोफेसर अर्पण एवं प्रति कुलपति प्रोफेसर ए.के.ए.लारेंस और उनके पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी है।

## मनाई गयी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

**प्रयागराज।** महावीर ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के प्रांगण में शनिवार को धूमधाम से नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई। प्रांगण में एक भव्य समारोह का आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता मिशन मोदी अगेन पीएम काशी प्रांत अध्यक्ष इंजीनियर प्रणव त्रिपाठी ने किया। समारोह की शुरूआत इंजीनियर प्रणव त्रिपाठी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि समस्त छात्रों को महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेना चाहिए छात्र जीवन में लक्ष्य बद्ध तरीके से श्रम करके राष्ट्र की सेवा हेतु समर्पण की भावना विकसित हेतु छात्रों का आवाहन किया' साथ ही कहा कि नेताजी के पद चिन्हों पर चलकर के ही हम शक्तिशाली राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। वर्तमान समय में देखने को भी मिल रहा है हमारा राष्ट्र तेजी से विकास की तरफ बढ़ रहा है। संबोधन के पश्चात नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर आधारित 40 मिनट की डॉक्यूमेंट्री भी छात्रों को दिखाई गई इस अवसर पर बृजेश कुमार त्रिपाठी पवन त्रिपाठी हिमांशु जी नीलाभ त्रिपाठी डॉ



सुभाष चन्द्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण करते ई0 प्रणव त्रिपाठी

रमाशंकर सिंह सचिन यादव संस्थान के समस्त प्राचार्य शिक्षक एवं छात्र छात्राओं के साथ साथ मिशन मोदी पीएम अगेन के कार्यकर्ता काफी संख्या में मौजूद रहे। समारोह का संचालन वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी अजय सिंह ने किया। भव्य समारोह का हर किसी ने तारीफ किया।

## उमरे कालोनी सूबेदारगंज में चला स्वच्छता अभियान

**प्रयागराज।** शनिवार को उत्तर मध्य रेलवे के प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर कुंदन कुमार के निर्देशन में सूबेदारगंज स्थित मुख्यालय आवासीय परिसर में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। सूबेदारगंज रेलवे कालोनी परिसर में आयोजित इस विशेष सफाई अभियान में सूरज प्रकाश मुख्य चल स्टाक इंजीनियर कोचिंग, पी के पांडे मुख्य चल स्टाक इंजीनियर फ्रेट, एस० एस० पराशर डिप्टी सीएमई वर्कशॉप, जीतेंद्र कुमार चीफ एनवायरमेंट एंड हाउसकीपिंग मैनेजर, ओपी सिंह सेक्रेटरी टू पीसीएमई एवं अभिषेक शर्मा एसएमई सहित उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय के 50 से अधिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इस श्रमदान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इसमें स्काउट एंड गाइड सदस्यों तथा एसएससी वर्क्स



उमरे कालोनी सूबेदारगंज मुख्यालय आवासीय परिसर मेंमें साफ सफाई करते रेलकर्मी

मुख्यालय के कर्मचारियों ने भी सहभागिता की। इस कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्यालय कालोनी में पार्क के नजदीक स्थित आवासीय परिसर में श्रमदान के माध्यम से गहन सफाई की गई। इस अवसर पर प्रमुख मुख्य इंजीनियर श्री कुंदन कुमार ने कालोनी के लोगों को इसमें और अधिक सहभागिता देने तथा मिशन मोड में इसे प्रत्येक शनिवार को आयोजित करने के लिए प्रेरित किया। यह कार्यक्रम कोविड-19 से संबंधित सभी सुरक्षा मानकों के अनुसार आयोजित किया गया और इसमें भाग लेने वाले सभी कर्मचारियों के लिए लिक्विड सोप, सैनिटाइजर इत्यादि की भी व्यापक इंतजाम किया गया था।

## सुभाष चंद्र बोस को भारत रत्न देने की उठाई मांग

**प्रयागराज।** जय जवान जय किसान मंच के कार्यकर्ताओं ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर उनको भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग उठाई है। साथ ही सभी कार्यकर्ताओं ने समाज में फैली हुई बुराइयों के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने का संकल्प भी लिया है। शनिवार को जय जवान जय किसान के संयोजक सुशील जय हिंद के नेतृत्व में कैंट थाना क्षेत्र के तपोवन में बैठक हुई। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर बैठक को संबोधित करते हुए सुशील जय हिंद ने कहा कि नेता जी ने अपने जीवन को राष्ट्र के लिए समर्पित कर दिया था आजाद हिंद फौज का गठन करने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस का सपना था कि मेरा देश में रोजगार भुखमरी वह गुलाबी गुलामी की जंजीरों से मुक्त होकर खुली हवा में सांस ले आज नेताजी का सपना टूटता हुआ नजर आ रहा है पढ़ा-लिखा नौजवान बेरोजगारी के चौराहे पर खड़ा होकर आंसू बहा रहा है उसने कहा कि




सुभाष चंद्र बोस को भारत रत्न देने की मांग करते कार्यकर्ता

देश के आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस को भारत रत्न मिलना चाहिए। सभी कार्यकर्ताओं ने सुशील जय हिंद का बातों का समर्थन तालियों से किया। बैठक का संचालन अभय राज सिंह ने किया। बैठक में त्रिपुरारी पाल, शरद चंद्र राय, मनजीत, राकेश जयसवाल, सदा जयसवाल, करण निषाद डॉक्टर प्रदीप, प्रवीण पाल, अक्षय क्रांतिवीर, उदय यादव, धीरेंद्र चौरसिया, अनिल पांडे, सुरेंद्र भारतीय, संदीप निषाद, पुखराज पांडे सहित काफी संख्या में जय जवान जय किसान मंच के कार्यकर्ता शामिल रहे।

### करेली में कबाड़ के टाल में लगी भीषण आग

**प्रयागराज।** करेली में नवाब गार्डेन के पास एक कबाड़ की टाल में शुक्रवार रात भीषण आग पकड़ ली। कबाड़ की टाल में प्लास्टिक का सामान भरा था। इसके कारण आग की लपटों ने पूरे सामान को अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते आग की लपटों ने भयावह रूप ले लिया। आसपास के पेड़ पौधे भी आग की चपेट में आ गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने जल्द ही आग पर काबू पा लिया। करेली थाने के दरोगा मुदित राय आग की सूचना पर मौके पर पहुंचे थे। पुलिस की मानें तो नाले के पास झारखंड के रहने वाले एक व्यक्ति ने कबाड़ एकत्र किया था। प्लास्टिक की बोतल, पैकेट, पॉलीथिन आदि सामान भरा था। बताया जा रहा है कि रात में सर्दी से बचने के लिए आग जलाया गया था। इसी बीच आग की लपटों ने टाल को अपनी चपेट में लिया। मौके पर पहुंची दमकल ने आग बुझाई।

## उमरे मुख्यालय में 'प्रमुख मुख्य इंजीनियर पुरस्कार वितरण समारोह' आयोजित

**प्रयागराज।** शनिवार को उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में 'प्रमुख मुख्य इंजीनियर पुरस्कार वितरण समारोह' आयोजित किया गया। इसमें वर्ष के दौरान उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले इंजीनियरिंग विभाग के कुल 98 रेलकर्मियों को एस0के0 मिश्रा प्रमुख मुख्य इंजीनियर ने पुरस्कृत किया।

एस0के0 मिश्रा ने पुरस्कृत कर्मचारियों को शुभकामनाएँ एवं बधाई दी। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इसी तरह सराहनीय कार्य करने को प्रेरित किया। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उत्तर मध्य रेलवे में तैयार हो रही बाउण्ड्रीवॉल में उपयोग हो रही सामग्री की गुणवत्ता बढ़ाने, लिमिटेड हाइट सबवे में पानी की निकासी की उचित व्यवस्था ए गाड़ियों की रफ्तार 160



रेलकर्मियों को पुरस्कृत करते प्रमुख मुख्य इंजीनियर

कि0मी0 प्रतिघण्टा तक बढ़ाने के कार्यों में तेजी एवं विशेष रूप से संरक्षा के प्रति विशेष जागरुक रहने का दिशा.निर्देश दिया। इस अवसर पर नितिन गर्ग, सचिव प्रमुख मुख्य इंजीनियर, पी0 के0 गुप्ता, मुख्य परियोजना निदेशक/स्टेशन डेवलपमेण्ट, ए0 के0 ददरिया, मुख्य रेलपथ इंजीनियर, नरेन्द्र कुमार सिंह, मुख्य ब्रिज इंजीनियर एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अवधेश कुमार यादव उदय प्रकाश प्रजापति एवं रत्नेश कुमार द्वारा किया गया।

## विश्वेश्वर नाथ मंदिर मस्जिद विवाद पर सुनवाई 27 को

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वाराणसी के ज्ञानवापी स्थित भगवान विश्वेश्वर नाथ मंदिर मस्जिद विवाद पर अगली सुनवाई के लिए 27 जनवरी की तारीख लगाई है। समयाभाव के कारण याचिका की सुनवाई पूरी नहीं हो सकी। कोर्ट ने 20 जनवरी के आदेश को संशोधित करते हुए कहा कि अंतरिम आदेश नहीं है। अंजुमन इंतजामिया मस्जिद वाराणसी की तरफ से अपर जिला जज वाराणसी के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया कर रहे है। याचिका में वाराणसी में दाखिल स्वयंभू भगवान विश्वेश्वर के सिविल वाद को उपासना स्थल (विशेष उपबंध) कानून 1991 की धारा 4 से बाधित मानते हुए निरस्त करने की मांग की गई है। मंदिर की तरफ से कहा गया है कि तहखाने व आसपास लगातार पूजा अर्चना हो रही है इसलिए अवैध निर्माण हटाकर मंदिर का पुनरोद्धार करने की अनुमति दी जाए और याचिका खारिज की जाए। मामले के तथ्यों के अनुसार 18 अक्टूबर 1991 को स्वयंभू लार्ड विश्वेश्वर बनाम अंजुमन इंतजामिया मस्जिद वाराणसी सिविल वाद दाखिल किया गया, जिसमें तहखाने के ऊपर निर्माण सहित पुराने मंदिर के हिस्से व नौबत खाने को भगवान विश्वेश्वर नाथ की संपत्ति घोषित करने, हिन्दुओं को मंदिर के पुनरोद्धार की अनुमति देने तथा मंदिर भूमि पर मुस्लिम समुदाय के कब्जे को अवैध घोषित करने की मांग की गई।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

## 'छायावाद और महादेवी वर्मा' विषयक संगोष्ठी का आयोजन

**प्रयागराज।** हिन्दुस्तानी एकेडेमी उ0प्र0, प्रयागराज एवं प्रयाग महिला विद्यापीठ डिग्री कालेज, प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार पूर्वाह्न 11:00 बजे से महीयसी महादेवी वर्मा पर केन्द्रित 'छायावाद और महादेवी वर्मा' विषयक संगोष्ठी का आयोजन महादेवी सभागार (प्रयाग महिला विद्यापीठ डिग्री कालेज, प्रयागराज) में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती, महीयसी महादेवी वर्मा एवं नेताजी सुभाष चन्द्र बोष की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम के प्रारम्भ में महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा मचंचासीन अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एकेडेमी के अध्यक्ष डॉ उदय प्रताप सिंह ने कहा कि महादेवी जी की कर्मभूमि में रह कर यदि महिला सशक्तिकरण को ना समझे तो व्यर्थ है। यह शहर छायावाद का प्रकाश स्तम्भ है। छायावाद के चार स्तंभों पंत, निराला, महादेवी और प्रसाद में से तीन यही पर हुए। महादेवी की जो भाषा है और प्रसाद, पंत और निराला की भाषा है वह हिन्दी साहित्य की एक अपूर्व निधि थी। महादेवी पूरी सनातन परंपरा का लेकर अपनी कविताओं में ढाल देती है। बौद्धिक क्षमता वाली यदि कोई कवियत्री है तो वह महादेवी हैं। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रो. योगेन्द्र प्रताप सिंह (हिन्दी विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज) ने कहा कि समकालीन आलोचना काव्य केन्द्रित होने के कारण महादेवी जी के साथ न्याय नहीं कर सकी छायावाद की लघुत्रयी में भले ही महादेवी जी की गणना होती है। लेकिन उनका समग्र मूल्यांकन किया जाय तो वे समस्त छायावादी रचनाकारों में विशिष्ट हैं। महादेवी जी की गद्य रचनाएं उनकी




कार्यक्रम को संबोधित करतीं वक्ता डॉ. सृष्टि कुशवाहा

पद्यात्मक रचनाओं की पूरक हैं। उनके द्वारा सम्पादित 'चाँद' को समाहित करते हुए उनके समग्र मूल्यांकन की आवश्यकता है। संगोष्ठी के विशिष्ट वक्ता डॉ. अनूप कुमार ने कहा कि 'महादेवी की कविताओं से एक ओर प्रेरणा तो दूसरी ओर भारतीय समाज में स्त्री जीवन की वास्तविक स्थिति का बोध होता है। हिन्दी गद्य साहित्य में संस्मरण एवं रेखाचित्र को बुलंदियों तक पहुचाने का श्रेय महादेवी को है। उनके संस्मरणों और रेखाचित्रों में शोषित, पीड़ित लोगों के प्रति ही नहीं बल्कि पशु-पक्षियों के लिये भी आत्मीयता एवं करुणा प्रकट होती है। संगोष्ठी के सम्मानित वक्ता डॉ. अरुण कुमार मिश्रा ने कहा कि 'छायावाद का कैनवास बहुत व्यापक है। और महादेवी की रचनाओं का कैनवास भी बहुत व्यापक है। छायावाद के बीच निराला व पंत ने अपने विचार बदले किन्तु महादेवी जीवन पर्यन्त छायावाद में रहीं। छायावाद को रहस्यवाद से जोड़ा गया है। भारतीय नारी का जो औदात्य रूप है उसका आगाज महादेवी जी से होता है। संगोष्ठी के सम्मानित वक्ता प्रो. रमेश चन्द्र शुक्ला ने कहा कि 'छायावाद की आजतक कोई सम्यक परिभाषा नही दी जा सकी है। छायावादी साहित्य को पलायनवादी साहित्य कहा गया है । छायावाद अपने साथ रहस्यवाद को लेकर आया। महादेवी का महिला होना एक तरफ उनकी सार्थकता थी तो दूसरी तरफ अवरोध था। संगोष्ठी की सम्मानित वक्ता डॉ. सृष्टि कुशवाहा ने कहा कि पूरा का पूरा छायावाद अध्यात्म की अद्भुत छाया है। छायावादी कवियों की रचनाओं की आध्यात्मिक चेतना की जलधारा में समूचे हिन्दी साहित्य ने स्नान कर लिया और बात जब महादेवी जी की हो तो कहना ही क्या, उनकी वाणी तो जीवन की अपार्थिव वेदना की गंगोत्री से निकली वेदना है जो अनकों भावनाओं और संवेदनाओं को अपने अंक समेटे हुए तीर्व गति से प्रवाहित होती है जिसमें साथ-साथ पाठक भी बहने लगता है। संगोष्ठी का संयोजन एवं संचालन प्रयाग महिला विद्यापीठ डिग्री कालेज , प्रयागराज की कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. जूही शुक्ला ने किया। इस अवसर पर डॉ. विनम्रसेन सिंह ने महादेवी जी को मूलतः गीतकार बताते हुए कण-कण मे प्रेम रंग भर कर वो लाया है प्रीत का ये मौसम है, अब बसंत आया है। गीत सुनाया। कार्यक्रम में उपस्थित विद्धानों में डॉ. सपना चैधरी, डॉ. ज्योति, शाम्भवी, रवि जी, डॉ. रमेश सिंह, डॉ सरोज सिंह, सहित शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# प्रतापगढ़–कौशाम्बी

प्रयागराज रविवार, 24 जनवरी, 2021

## संक्षेप समाचार

### संदिग्ध परिस्थितियों में हुई अधेड़ की मौत

**कड़ा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में एक अधेड़ की मौत हो गई है मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची है जानकारी के मुताबिक सैनी कोतवाली क्षेत्र के कोरियों गांव के मजरा बाकरगंज निवासी राजकुमार रैदास उम्र 40 वर्ष पुत्र शंभू की शनिवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई मौत की खबर सुनकर परिवार वालों में कोहराम मच गया सूचना पाकर मौके पर पहुँची सैनी थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया अधेड़ की मौत कैसे हुई यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर निर्भर करेगा हालांकि ग्रामीणों ने शराब पीकर हालत खराब होने से अधेड़ की मौत की बात कही है।

### पूरी रात अपराधियों की चेकिंग करती रही पुलिस

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराधों की रोकथाम के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा चलाये गये रात्रि गस्त एवं चेकिंग अभियान के अन्तर्गत 82 एचएस, 11 सक्रिय अपराधियों, 17 नकबजनों, 02 जेल से छूटे अपराधियों का भौतिक सत्यापन किया गया व 17 सार्वजनिक स्थानों को चेक किया गया।

## युवती की हत्या कर गन्ने के खेत में फेंका शव

**फतनपुर थाना क्षेत्र के सुरवा मिश्रपुर की घटना**

**रानीगंज।** युवती की हत्या कर शव खेत में फेंक दिया गया। रात में घर से लापता हुई युवती की लाश सुबह खेत में मिली तो हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। एसपी के साथ फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची।

फतनपुर थाना क्षेत्र के सुरवा मिश्रपुर निवासी अमर बहादुर पटेल किसान के साथ हलवाई भी हैं। उनकी बेटी सुनीता (20) शुक्रवार रात खाना खाने के बाद करीब साढ़े आठ बजे सोने की बात कहकर अपने कमरे में चली गई। कुछ देर बाद जब परिजन कमरे में पहुंचे तो वह नहीं थी। उसकी तलाश शुरू की। गांव में काफी खोजबीन की गई, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। परिजन पूरी रात परेशान रहे।

शनिवार सुबह घर से करीब दो सौ मीटर दूर नहर के बगल इंद्र बहादुर पटेल के गन्ने के खेत में सुनीता का रक्तरंजित शव मिला। शौच गई एक महिला ने शव देखा। परिजनों को सूचना मिली तो वह भी मौके पर पहुंचे। जानकारी होने पर फतनपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव कब्जे में लिया। उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सीओ अतुल अंजान त्रिपाठी व एएसपी पूर्वी सुरेंद्र द्विवेदी के साथ एसपी शिवहरि मीणा भी घटनास्थल पर पहुंचे। करीब डेढ़ घंटे तक मौका मुआयना किया। इसके बाद पीड़ित परिजनों के घर जाकर उनसे बात की।

**फॉरेंसिक टीम ने लिया नमूना**

युवती की हत्या की सूचना पर फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची। टीम ने शव के साथ मौके से फिंगर प्रिंट का नमूना भी लिया। उसे जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया।

## अब प्रत्याशियों को सता रहा है आरक्षण का डर...

**पट्टी।** पंचायत चुनाव में परसीमन का काम समाप्त हो जाने के बाद अब सियासी समर में कूदे हुए प्रत्याशियों को आरक्षण का भूत सताने लगा है। उन्हें इस बात की डर है कि कहीं ऐसा ना हो कि जिस क्षेत्र में पंचायत चुनाव की तैयारियों के लिए जोर आजमाइश करना शुरू कर दिया है उसमें कहीं आरक्षण का पेंच न फंस जाए। पट्टी क्षेत्र में कमोबेश स्थिति यही देखी जा रही है। आसपुर देवसरा का जिला पंचायत क्षेत्र वार्ड नम्बर चार के विलोपन हो जाने से यहां पर पहले से ही तैयारी कर रहे प्रत्याशी उहापोह की स्थित में दिखाई दे रहे है। जहां पहले वे अपने हिसाब से आरक्षण का कयास लगा रहे थे अब नए क्षेत्र बन जाने से और नए गांव जुड़ जाने से उन्हें आरक्षण होने या ना होने का डर सताने लगे हैं। इसके लिए कई प्रत्याशी दूसरे क्षेत्रों में अपना प्रचार प्रसार करने का जुगाड़ करते हुए दिखाई दे रहे हैं ग्राम पंचायत में प्रधान पद के कई उम्मीदवार चुनावी समर में अपनी ताल ठोकते हुए दिखाई दे रहे हैं। लेकिन अभी निर्भीक होकर चुनाव प्रचार खुलकर नहीं कर पा रहे हैं। उसका सिर्फ एक ही कारण है कि आरक्षण के बिना कहीं उनका परिश्रम व्यर्थ ना हो जाए।




कटरा गुलाब सिंह बाजार में ऑयल पेंट की दुकान में लगी आग व लगी लोगों की भीड़

## आइल पेंट की दुकान में लगी आग, लाखों का सामान खाक

**कटरा गुलाब सिंह बाजार की घटना, सूचना के घंटों बाद तक नही पहुची पुलिस व फायर व फायर ब्रिगेड**

**जेठवारा।** कटरा गुलाब सिंह बाजार के व्यवसायी सुन्दर लाल केशरवानी की आइल पेण्ट की दुकान गुलाब चंद रवि केसरवानी इंटरप्राइजेज में आज शाम साढ़े सात बजे विद्युत शार्ट सर्किट के कारण अचानक आग लग गयी। देखते ही देखते आग दूसरी मंजिल तक पहुंच गयी।बाजार वासियो की तमाम कोशिशों के बावजूद दुकान का सारा सामान जलकर राख हो गया।एक अनुमान के मुताबिक इस आगजनी से लाखों का नुकसान हुआ है।पुलिस और फायर बिग्रेड को फोन करने के बावजूद घण्टे भर तक कोई मौके पर नही पहुंचा। साढ़े आठ बजे तक आग पर काबू नहीं हो सका था।आग के लगातार बढ़ने से बाजार वासियों की सांसें थम गई थी। नौ बजे तक फायर बिग्रेड आया तब तक ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया था।, जेठवारा थाने की पुलिस के साथ एस एस आई शंकर यादव एवम ,पुलिस चैकी के सभी सिपाही , 112 के सिपाही मौके पर एक साथ आए संयोग से आग की लपटों को कोई राहगीर देख लिया और शोर मचाया वरना बड़ी घटना हो सकती थी। दुकानदार का दो परिवार पहली और दूसरी मंजिल पर रहता है। सभी लोग नहीं निकल पाते और पड़ोसी परिवार भी चिंता में थे। फिलहाल बाजार वासियों ने काफी मशक्कत करके एक बड़ी घटना होने से बचा लिया।



नेता जी सुभाषचंद्र की जयंती पर चित्र पर माल्यार्पण करते शिक्षक

## प्रथम आईसीएस अधिकारी थे नेता जी

**प्रतापगढ़।** आचार्य सदाशिव शिक्षा संस्थान सिपहमहेरी खरहर रानीगंज में नेता जी सुभाषचंद्रबोस की 125 वी जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। प्राचार्य डॉ. मृतुन्जय प्रसाद व शिक्षकों ने नेता जी के चित्र पर माल्यर्पण कर उन्हें याद किया। प्राचार्य ने कहा कि बोस जी उन महान स्वतंत्रता सेनानियों में शामिल थे। जिनसे आज के दौर का युवा वर्ग प्रेरणा लेता है। उन्होंने बताया कि सरकार नेता जी के जन्मदिन को पराक्रम दिवस के तौर पर मनाने की घोषणा की है। मयंक श्रीवास्तव ने कहा कि प्रथम आईसीएस अधिकारी बनने वाले देश के प्रथम व्यक्ति थे। छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। इस मौके पर गायत्री तिवारी, प्रीति मिश्रा, अश्विनी पाल,सरिता मौर्य,आशीष यादव,संदीप उपाध्याय,विजय पांडेय, देवी उपाध्याय,ललिता विश्वकर्मा, जागृति शुक्ला, श्वेता मिश्रा, अन्नू, निरुपमा श्रीवास्तव मौजूद रहे।

## पंचायत चुनाव को लेकर भावी प्रत्याशियों की बढ़ी बेचैनी

**रानीगंज।** ग्राम पंचायत चुनाव को लेकर प्रधान पद के प्रत्याशियों में बेचैनी बढ़ती ही जा रही है। अभी तक प्रदेश सरकार के द्वारा सीटों के आरक्षण को लेकर निर्णय ना हो पाने से प्रधान पद के प्रत्याशी असमंजस में हैं।मतदाताओं में भी सीटों के आरंक्षण को लेकर अटकलें तेज हो गयी है। मतदाताओं को रिझाने में प्रधान प्रत्याशी कोई कोर कसर बाकी नहीं रख रहे हैं। चुनाव मैदान में ताल ठोकने वाले संभावित प्रत्याशियों को उम्मीद थी कि 22 जनवरी तक सीटों के आरंक्षण की सूची जारी हो जायेगी किन्तु अभी तक सूची जारी न होने से आरंक्षण को लेकर उनकी बेचैनी बढ़ती ही जा रही है।मतदाता भी अपने मन पसंद प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारने का मन बना चुके है किंतु आरंक्षण की स्थिति अभी तक स्पस्ट न हो पाने के कारण उनमें भी उहापोह की स्थित बानी हुई है। गांव के चैराहों पर चुनावी चर्चा तेज होने के साथ साथ चुनावी सरगर्मी भी बढ़ गयी है।लोग चाय पान की दुकानों की चर्चा में प्रधानों द्वारा कराए गए कार्यों के लेखा जोखा के साथ साथ उनके भविष्य के फैसले की रणनीति तय करने लगे हैं।

## महिलाओं एवं बेटियों को हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में किया जाये जागरूक : डीएम

**मिशन शक्ति के अन्तर्गत टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कल सायंकाल कलेक्ट्रेट सभागार में बाल विवाह रोकथाम, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं, वन स्टाप सेन्टर टास्क फोर्स एवं बाल संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों से पूर्व में बाल विवाह के प्रकरण के सम्बन्ध में जानकारी ली तो बताया गया कि पूर्व में बाल विवाह के 04 प्रकरण आये थे जिसका समझौता कराकर प्रकरण का निस्तारण कराया गया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि बाल विवाह की सूचना मिलने पर तत्काल उचित कार्यवाही की जाये। ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम बाल संरक्षण समितियों की बैठक में अनिवार्य रूप से बाल विवाह के विषय पर भी समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारियों से वार्ता की जाये और समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को भी मिशन शक्ति एवं बाल विवाह पर नियमित जागरूक करती रहे जिससे बाल विवाह को रोका जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजनान्तर्गत जनपद स्तर पर व्यापक प्रचार हेतु वाल पेन्टिंग/दीवाल लेखन का कार्य कराया जाये जिससे आम जनमानस जागरूक किया जा सके और बेटियों को सुरक्षित एवं संरक्षित किया जा सके।

बाल संरक्षण समिति की समीक्षा में बताया गया कि जनपद में वर्तमान समय में स्वैच्छिक संगठन द्वारा संचालित बाबा राम उदित सेवा संस्थान शिशु गृह, दत्तक ग्रहण एवं समभाव सेवा समिति बालगृह बालक टेऊंगा संचालित है। वर्तमान समय में शिशुगृह में 02 बच्चे आवासित है एवं दत्तक ग्रहण इकाई में 02 बच्चे आवासित है जिसमें 01 बालक व 03 बालिकायें है। जिलाधिकारी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रत्येक संस्थाओं का समय-समय पर निरीक्षण किया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिये मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं एवं बेटियों को जागरूक किया जाये जिससे वे अपने अधिकार एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक हो सके और उन्हें 1090 वीमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बुलेन्स सेवा के बारे में बताया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय, जिला प्रोबेशन अधिकारी रन बहादुर वर्मा, चाइल्ड लाइन के नसीम अन्सारी सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।




मिशन शक्ति के अन्तर्गत टास्कफोर्स की बैठक में जिलाधिकारी

## केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजना का करें सम्यक निर्वहन : सांसद

**जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक सम्पन्न**

**प्रतापगढ़।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ह्यह्यदिशाह्लह्ल की बैठक विकास भवन के सभागार में सांसद संगम लाल गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें विश्वनाथगंज के विधायक डा0 आर0के0 वर्मा, विधायक सदर राजकुमार पाल, जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल, मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय, मंत्री मोती सिंह के प्रतिनिधि विनोद पाण्डेय, मंत्री डा0 महेन्द्र सिंह के प्रतिनिधि दिनेश शर्मा, विधायक रानीगंज के प्रतिनिधि नीरज ओझा, एम0एल0सी0 अक्षय प्रताप सिंह के प्रतिनिधि लाल साहब सिंह, शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी के प्रतिनिधि बबलू तिवारी सहित ब्लाक प्रमुख के अलावा अन्य जन प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 रामचन्द्र शर्मा ने बैठक में बिन्दुवार समीक्षा हेतु प्रस्तुत कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत किये। विधायक रानीगंज के प्रतिनिधि नीरज ओझा बैठक में विधायक विश्वनाथगंज डा0 आर0के वर्मा, कैबिनेट मंत्री मोती सिंह के प्रतिनिधि विनोद पाण्डेय ने विद्युत विभाग द्वारा गलत तरीके से लोगों को बिजली बिल का आवंटन करने एवं विजिलेन्स टीम द्वारा लोगों के ऊपर गलत तरीके से मुकदमा दर्ज करने के प्रकरण पर चर्चा की जिस पर सांसद संगम लाल गुप्ता ने अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया कि इस प्रकरण की जांच हेतु एक टीम गठित कर ली जाये और यह सुनिश्चित किया जाये कि किसी भी व्यक्ति को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाये और न ही गलत तरीके से मुकदमा पंजीकृत किया जाये।

विद्युत विभाग से सम्बन्धित कई शिकायतें प्राप्त होने पर सांसद ने अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया कि जनप्रतिनिधिगण के साथ भी एक बैठक इन समस्याओं के निस्तारण हेतु कर ली जाये। रानीगंज विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्रामसभा अन्तरी में सौभाग्य योजना में पैसे की मांग पूरी न होने पर मीटर न लगाने के कारण गरीब जनता पर हो रही कार्यवाही में कार्यदायी संस्था बजाज पर एफ0आई0आर0 दर्ज करने तथा खमपुर दूबेपट्टी के मिश्रान बस्ती में खम्भा लगाकर छोड़े गये अधूरे विद्युतीकरण को तत्काल पूर्ण करने की मांग बैठक में रखी गयी। विधायक विश्वनाथगंज डा0 आर0के0 वर्मा ने स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत प्रचार प्रसार हेतु पूर्व में 9.49 करोड़ रुपए की धनराशि के व्यय के सम्बन्ध में जिला पंचायत राज अधिकारी से जानकारी ली तो बताया गया कि उक्त धनराशि के व्यय के सम्बन्ध में ईओडब्लू द्वारा जांच की जा रही है। इसी प्रकार बैठक में कैबिनेट मंत्री डा0 महेन्द्र सिंह के प्रतिनिधि दिनेश शर्मा ने लोगों को बैकों से लोन प्राप्त करने हेतु बैंक कर्मियों द्वारा अनावश्यक रूप से परेशान किया जाता है और लोन नही दिया जाता है जिस पर सांसद जी ने जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जाये कि बैंकों में ऋण हेतु किसी भी पात्र व्यक्ति को परेशान न किया जाये और पात्रता की जांच कर लोगों को लोन उपलब्ध कराया जाये। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ह्यह्यदिशाह्लह्ल की बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, समेकिल बाल विकास योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम आदि योजनाओं की बिन्दुवार समीक्षा की गयी। अंत में सांसद ने अधिकारियों से कहा कि जनप्रतिनिधिगण से समन्वय बनाकर केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजना का सम्यक निर्वहन करें। उन्होने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा जो भी कल्याणकारी योजनायें संचालित की जा रही है उनका शत प्रतिशत लाभ गरीब, असहाय एवं वंचित लोगों को अवश्य दिया जाये और इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये। उन्होने कहा कि बैठक में जनप्रतिनिधिगण द्वारा जो भी प्रकरण उठाये गये है उन सभी प्रकरणों का निस्तारण यथाशीघ्र समयबद्धता के साथ सुनिश्चित किया जाये एवं उन्हें अवगत भी कराया जाये।




जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक



मान्धाता के हैसी परजी बाजार में आयोजित निःशुल्क नेत्र शिविर

## एहितयात इलाज से बेहतर है : डा0 कमल

**नेत्र शिविर में हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व इलाज**

**जेठवारा।** मान्धाता के हैसी परजी बाजार में शुक्रवार को अमरावती मेडिकेयर हास्पिटल भुपियामऊ के संस्थापक एमबीबीएस एमडी डॉक्टर कमल सिंह ने एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में टीम के साथ जांचो परांत उनका इलाज व मुफ्त में दवा वितरण किया । इस मौके पर उन्होंने आये हुए लोगो से बेहतर स्वास्थ्य के लिए हमेशा सजग रहने की सलाह दिया। उन्होंने कहा कि एहितयात इलाज से बेहतर है, यदि लोग स्वास्थ्य के प्रति पहले से अपनी संजीदगी बनाये रखे तो उन्हें भविष्य में गम्भीर विमारियों से जूझना नहीं पड़ेगा।इस मौके पर उनकी टीम ने मिलकर क्षेत्र के सैकड़ो लोगो का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व इलाज किया। क्षेत्र में डॉ के इस सफल प्रयास की लोग प्रशंसा कर रहे है। इस मौके पर डॉ कमल सिंह,डॉ विजय विक्रम सिंह, ए.पी.सिंह बबलू, शालू सिंह,राम सिंह,शिवा सिंह,व रुद्र पाल सिंह पप्पू के साथ क्षेत्र के समाजसेवी एच.बी.सिंह, मतेंद्र कीर्ति, अब्दुल शकूर,ओम प्रकाश पांडेय, दीपू तिवारी ,मो शमीम, सावित अली, गुलजार अहमद ,नन्हे सिंह,गंगा सिंह, राजेश कुमार मिश्रा, मनीष पांडेय समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## फरियादियों की समस्याओं को एसडीएम एसओ ने सुना

**कोखराज कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण जन कल्याण कारी योजनाओं में शामिल थाना समाधान दिवस के मौके पर अधिकारियों ने आम जनता की समस्याओं को सुना और जिन मामलों का किन्ही कारणों से पूर्व में निस्तारण नहीं हो सका था उन मामलों का थाना समाधान दिवस में निस्तारण कराया। थाना समाधान दिवस में कोखराज थाना पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को उप जिलाधिकारी चायल ज्योति मौर्य और थाना अध्यक्ष कोखराज प्रदीप राय ने संयुक्त रूप से सुनकर शिकायतों के निस्तारण का प्रयास किया है थाना समाधान दिवस में गांव गांव से पहुंचे तमाम फरियादियों ने अधिकारियों को बताया कि तमाम जमीनी विवाद के मामलों का निस्तारण नहीं हो पा रहा है वहीं कई मामले लड़ाई झगड़े के भी थाना दिवस में पहुंचे हैं सभी मामलों को एसडीएम चायल ज्योति मौर्य व एसओ कोखराज ने सुना जिसमे ज्यादा मामले जमीन से जुड़े रहे। जिनका सभी सर्किल के लेखपालों को अपने अपने क्षेत्र में जा कर विवादित मामलो को सुलझाने के लिए अधिकारियों ने निर्देशित किया। थाना समाधान दिवस के अवसर पर ही दोनो पक्ष की बातों को सुनकर कई मामलों को उप जिला अधिकारी ने मौके पर ही जनता की समस्या को सुनकर समझ कर जांच उपरांत मौके पर ही निस्तारण कर दिया है। समाधान दिवस में उपनिरीक्षक व चौकी इंचार्ज मूरतगंज कामता प्रसाद, चौकी इंचार्ज, सिंघिया, आशीष यादव, चौकी इंचार्ज भरवारी राकेश राय लेखपाल, संघ के जिला मंत्री धर्मराज, बसन्त लाल, रियाज अहमद कानून गो ,अमर सिंह, विनोद मिश्रा, अमृत सिंह अनुराधा, सुमित,दिलीप सिंह, मदन सिंह, सुरेश मिश्रा सहित इलाके के गणमान्य लोगों की मौजूदगी रही।



उपस्थित उप जिला अधिकारी ज्योति मौर्य और थाना अध्यक्ष प्रदीप राय

## सभी सीटों पर पंचायत चुनाव लड़ेगी आम आदमी पार्टी

**कौशांबी।** आम आदमी पार्टी की एक बैठक जिला मुख्यालय मंझनपुर मे निजी हॉस्पिटल के पास हुई जिसमे जिला कार्यकारणी की बैठक मे जिले के चुनाव प्रभारी बनाए गए जिला चुनाव प्रभारी मोहम्मद शाहजहां की अध्यक्षता मे बैठक हुई इसमें जिले के कार्यकारिणी में जिला प्रभारी का स्वागत अभिनंदन किया गया इस बैठक में चुनाव प्रभारी ने कहा कि पार्टी जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव पर जोरदारी से चुनाव लड़ेगी और सभी सीटों पर पार्टी के कार्यकर्ता को चुनाव लड़ाएगी इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि दिल्ली में हुए काम को उत्तर प्रदेश मे ग्राम जन संवाद के जरिए लोगों तक पहुंचाया जाएगा इस बैठक में जिलाध्यक्ष मो रिजवान पूर्व जिला अध्यक्ष महंत मौर्या महासचिव आकाश सिंह वर्मा जिला उपाध्यक्ष अर्चना गौतम जिला उपाध्यक्ष सूरज बली जिला संगठन मंत्री धनंजय त्रिपाठी जिला सचिव प्रवीण कुमार जिला कोषाध्यक्ष विजय बहादुर यादव मोहमद हस्सान रति देवी फरीद खान कुलदीप पाल हिमांशु त्रिपाठी मनीष खरे मोहम्मद आरिफ,अली हुसैन विजय करन, प्रवीण कुमार, हैदर अली, सेरा भाई, अमित कुमार अम्बर बेगम, मोहम्मद अशरफ नसीम खान, तारावती, शर्मिला सुमित्तरा रेखा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आजमवादी मंच ने सौंपा ज्ञापन

**कौशाम्बी।** आजमवादी मंच के पदाधिकारी ने जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौपते हुए कहा है की विश्व ख्याति प्राप्त शैक्षणिक संस्थान मो अली जौहर युनिवेर्सिटी पर सरकार द्वारा अवैध कब्जा रोका जाए इस मौके पर वक्ताओ ने कहा कि उत्तर प्रदेश ही नही बल्कि पुरे हिंदुस्तान के बहार भी अजीम पहचान रखने वाली शैक्षणिक संस्था मोहम्मद अली जौहर युनिवेर्सिटी पिछले कई महीनो से नफरत और द्वेष भावना तथा राजनीति का शिकार हो रहे है कभी इस शैक्षणिक संस्था के मुख्य द्वार को ध्वस्त करने के सरकारी आदेश आते है कभी यह स्थित अजीम लाइब्रेरी को अपनी नफरत का अड्डा सरकार बनती है तो कभी इसकी दीवारों पर सरकारी बुलडोजर चलाया जाता है और अब तमाम हदों को पार कर सरकार एक हिटलर शाही फरमान जारी करती है और उस फरमान के आधार पर इस शैक्षणिक संस्थान पर अपनी मिल्कियत का दावा करते हुए यूनिवर्सिटी बंद कर उन पूंजीपतियों को मजबूत करना चाहती है जिन्होंने शिक्षा को मात्र व्यपार के रूप ने स्थापित कर लिया है और पूरे उत्तर प्रदेश सहित तमाम हिंदुस्तान को यह मालूम है की प्राइवेट यूनिवर्सिटी के रूप में पूरे उत्तर प्रदेश में सबसे सस्ती शिक्षा मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी द्वारा प्रदान की जा रही है शिक्षा को कमजोर लोगो से दूर रखने की मंशा और शिक्षा को व्यपार की शक्ल में स्थापित करने वाले पूंजीपतियों की मदद की मंशा से ही इस शिक्षा के मंदिर को तबाह करने के मकसद से सरकार इस तरह के फरमान जरी कर रही है वक्ताओं ने यूनिवर्सिटी को सरकार से बचाने की गुहार लगाई है इस मौके पर अनवर अहमद खान मोहमद फरहान रोहित यादव सादाब अहमद सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।




ज्ञापन सौंपते नेता

## जुए के अड्डे पर मारी छापेमारी, दस गिरफ्तार

**कुंडा।** जुए की फड़ पर पुलिस ने छापेमारी कर 10 लोगों को गिरफ्तार किया। कई लोग भाग निकले।मामला कुंडा कोतवाली क्षेत्र का है।पुराना कुंडा प्राथमिक विद्यालय के पास बड़े पैमाने पर जुआ खेले जाने की खबर मिलने पर एसएसआई सुरेश सिंह चैहान ने फोर्स के साथा छापेमारी की तो जुआ खेल रहे लोगों में भगदड़ मच गई। पुलिस ने दौड़ाकर 10 लोगों को गिरफ्तार किया, जबकि कई लोग भाग निकले। पुलिस ने 42 हजार 500 रुपये, ताश के पत्ते व अन्य सामग्री बरामद की। पकड़े जाने वालों में दीपक निर्मल, शकील अहमद, श्याम सिंह निवासीगण सेमर पट्टा लालगंज बैसवारा रायबरेली, आशीष कुमार निवासी अनखोरिया कुंडा, रितेश कुमार निवासी जगतपुर रायबरेली, दिनेश कुमार निवासी राजकीय कॉलोनी रायबरेली, मनोज सोनी निवासी टोढ़ी का पुरवा बाघराय, बाबूराम पटेल निवासी अर्रो संग्रामगढ़, श्रीचंद मौर्या निवासी दिलेरगंज कुंडा व जितेन्द्र मिश्र निवासी धरई सलोन रायबरेली शामिल रहे। पुलिस ने सभी के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की। शनिवार सुबह सभी को निजी मुचलके पर जाने दिया।